भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
रक्षा मंत्रालय
कंचनबाग, हैदराबाद – ५०० ०५८.
BHARAT DYNAMICS LIMITED
(A Government of India Enterprise)
Ministry of Defence
Kanchanbagh, Hyderabad - 500 058.

बीडीएल/104/सं.वि.-जनसंपर्क/04 दि. 27 मार्च, 2017

**कौशल विकास के लिए एक करोड़ रुपये की सहयोग राशि देने बी डी एल ने**
**भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किए**



बीडीएल ने बेरोज़गार युवकों के कौशल विकास में मदद की दृष्टि से भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख पर हस्ताक्षर किए.

अनुबंध ज्ञापन प्रलेख के हस्ताक्षर अनुसार भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा चालेकेरे परिसर में बेरोज़ागार युवाओं को सोलार पी वी तथा सी एल सी आधारित प्रशिक्षण व सी एल सी प्रशिक्षण देने कौशल विकास के रूप में बी डी एल द्वारा एक करोड़ रुपये की सहयोग राशि दी जाएगी.

इस अवसर पर बी डी एल के डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.), श्री भट्टू श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक (का एवं प्रशा.- सी एस आर ), श्री पी सत्यनारायण, उप महाप्रबंधक (निगम-वित्त), भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु के प्रोफेसर गोविन्द रंगराजन, अध्यक्ष, अंत:विद्यावर्ती अनुसंधान प्रभाग एवं अध्यक्ष, विकास तथा भूतपूर्व विद्यार्थी मामले उपस्थित थे. यह अनुबंध दिनांक 27 मार्च, 2017 को बीडीएल हैदराबाद में हस्ताक्षरित हुआ